परिवर्तन की पहल
भारत

एक नैतिक भारत

हम बदलेंगे - तभी देश बदलेगा

आज यदि कोई समाज सच में नैतिक बनने की ओर जाता है,
तो वह विश्व में सभी को आकर्षित करेगा, आशा देगा।

हमारी इस विनम्र और समर्पित टीम की कोशिश है कि हम देश में हर एक के साथ मिलकर
भारत को एक ऐसा सुदृढ़ नैतिक समाज बनाये जो :

साथ ही साथ जो

- सत्य युक्त हो
- एकता युक्त हो
- आपसी आदर व प्रेम से परिपूर्ण हो

क्या आप इसके लिए अपने आप को इन बातों पर बदलने के लिए तैयार हैं ?
तो आज से ही, अपनी गलतियों के प्रायश्चित द्वारा अपने परिवर्तन का प्रारम्भ कर दीजिए -
किसी से क्षमा माँग के, कोई झूठ कबूल करके,
कोई अपवित्रता व कामुकता को त्याग करके...आदि...

और फिर हमारे साथ इस प्रयास में जुड़िये
और एक नैतिक भारत की नींव को शक्तिशाली बनाइए

सम्पर्क के लिए: **7077213589**
eknaitikbharat@iofc.org

परिवर्तन की पहल

की विश्वव्यापी विचारधारा अपनाने के कुछ परिणाम :

* 'मेरा सच्चा रूप - मैं सच में जैसा अंदर हूँ - सभी को वह दिखाने की हिम्मत पाई ।'
* 'नेट पर घंटों पोर्न देखता था । माँ-पिताजी को बताया और ऐसी फ़िज़ूलख़र्ची बंद की ।'
* 'एक भद्र कश्मीरी मुस्लिम से मिली और मुस्लिमों के प्रति वर्षों की मेरी ग़लत धारणाएं दूर की ।'
* मेघालय के एक वरिष्ठ अफसर ने घर पर रखी २६५ किताबें राज्य पुस्तकालय को वापिस की ।
* 'मैं अब ऑफ़िस सही समय पर जाऊँगा और कोई भी फ़ाइल अधूरी नहीं रखूँगा ।'
* 'पिताजी से अनबन के कारण ८ वर्ष बात नहीं की थी । क्षमा माँगी और बातचीत फिर शुरू की ।'

परिवर्तन की पहल इस तरह के व्यक्तिगत परिवर्तन का बाँध खोलती है। यह जीने की एक ऐसी राह है जिस पर कोई भी चल सकता है - धर्म, वर्ग, वर्ण, रंग, जाति आदि मायने नही रखते । आवश्यक है तो केवल अपने को बदलने - अपनी गलतियाँ सुधारने - की तैयारी ।

प्रायश्चित करना और अंतरात्मा से प्रति दिन शांत में प्रेरणा लेना, इसके दो मुख्य स्तम्भ है । तो आप भी अभी काग़ज़-कलम लेकर बैठिए और अपने जीवन के अब तक के कौन कौन से प्रायश्चित करने है, उसकी पूरी सूची बनाईए ।

सम्पूर्ण पवित्रता, सम्पूर्ण ईमानदारी, सम्पूर्ण नि:स्वार्थता, सम्पूर्ण प्रेम

की तेज़ रोशनी में अपने जीवन की हर छिपी बात का सामना करके प्रायश्चित कीजिए ।

फिर हर सुबह कम से कम २० मिनट शांत बैठे और आत्मा से आदेश लें और लिखें -

* **मुझे और कहाँ बदलना है?**
* **आज किस के लिए विशेष परवाह प्रसारित करनी है और क्या ख़ास मदद करनी है?**
* **समाज के किसी एक मुद्दे को सुलझाने के लिए क्या प्रेरणादायक पहल करनी है...**

कठिनाइयाँ आएगी, अहम रोकेगा पर बह्मांड आपका साथ देगा यदि आप, सच में, परिवर्तन चाहते है ख़ासकर के दुसरों तक ऐसे परिवर्तन की देन पहुँचाने के लिए ।
आप अपने को बदलेंगे तो आप एक नए विश्व समुदाय के अंग और संग हो जाएँगे ।

परिवर्तन की पहल
भारत

www.in.iofc.org

/ IofCIndia